# आईआईटी इंदौर ने पहली बार दी मानद उपाधि, अजय पिरामल को नवाज़ा

## हार्वर्ड-स्टेनफोर्ड के मुकाबले आधे आंत्रप्रेन्योर भी नहीं दे पाते हम : अजय



फोटोः ओपी सोनी

**इंदौर**|आईआईटी इंदौर का छठा दीक्षांत समारोह सोमवार को हुआ। पहली बार संस्थान ने किसी शख्सियत को मानद उपाधि दी और वो हैं पिरामल ग्रुप के चेयरमैन अजय पिरामल। अपने संबोधन में उन्होंने कहा- हम हार्वर्ड और स्टेनफोर्ड ग्रेजुएट्स को देखते हैं तो पाते हैं कि एक हजार से भी ज्यादा स्टार्टअप्स यहीं से आए हैं, लेकिन हमारे देश में 100 की संख्या में ही स्टार्टअप आईआईटी स्टूडेंट्स के नाम हैं। यदि आप लोग अपने साथ सोसायटी को भी वेल्थ देना चाहते हैं तो आंत्रप्रेन्योर बनें।

**-सिटी भास्कर भी पढ़ें**

*उपाधि लेने जाने से लेकर लौटने तक का हर क्षण उनकी पत्नी डॉ. स्वाति ने रिकॉर्ड किया। पति के संबोधन के दौरान वे काफी भावुक थीं। पिरामल एंटरप्राइजेस की वाइस चेयरपर्सन डॉ. स्वाति मुंबई यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस हैं। वे साइंटिस्ट व हार्वर्ड यूनिवर्सिटी बोर्ड मेम्बर भी हैं।*

**Dainik Bhaskar (Indore), 20th November 2018, Page-1**